Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर–212601

पत्रांक : 0601 / M-7 / 150 दिनांक : 13-05-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– कार्यदायी संस्था गायत्री को ब्लैकलिस्ट की संस्तुति व स्पष्टीकरण तलब के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान के ई–संस्करण में प्रकाशित शीर्षक **"कार्यदायी संस्था गायत्री को ब्लैकलिस्ट की संस्तुति व स्पष्टीकरण तलब"** की कतरन इस खण्ड में प्राप्त हुई है के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि दिनांक–12.05.2026 को जिलाधिकारी महोदया जनपद.फतेहपुर द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा की गई जिसमें मे० गायत्री- रैमकी (जे०वी०) को असंतोषजनक उत्तर देने तथा उचित रिपोर्ट उपलब्ध न कराने के कारण स्पष्टीकरण देने तथा ब्लैकलिस्ट किये जाने की संस्तुति किये जाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिक्ति समस्त फर्मो को 30.06.2026 तक क्षतिग्रस्त मार्गो को मोटरेबल कराए जाने एवं लम्बित क्रिटिकल एन0सी0 को 01 माह के अन्दर गुणवत्तापरक प्रकार से निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए गए।

उपरोक्त के अनुपालन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त फर्मो के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की गई एवं जिलाधिकारी महोदया द्वारा दिए गए निर्देशों का ससमय अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया तथा मे0 गायत्री–रैमकी (जे0वी0) को स्पष्टीकरण प्रेषित किया गया, स्पष्टीकरण का ससमय संतोषजनक उत्तर न देने की दशा में फर्म को ब्लैकलिस्ट किए जाने की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में चेतावनी निर्गत की गई।

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता

# कार्यदाई संस्था गायत्री को ब्लैकलिस्ट की संस्तुति व स्पष्टीकरण तलब

May 12, 2026 11:22 pm IST
**Newswrap** **हिन्दुस्तान**, फतेहपुर

Preferred

Fatehpur News - फतेहपुर में जल जीवन मिशन की कार्यशैली से डीएम निधि गुप्ता वत्स नाराज हैं। उन्होंने धीमी प्रगति और गलत रिपोर्टिंग के लिए कार्यदाई संस्था को स्पष्टीकरण देने और ब्लैकलिस्ट करने की संस्तुति की। डीएम ने पाइपलाइन बिछाने के कार्य को तेजी से पूरा करने और खराब सड़कों को सुधारने का निर्देश दिया।

Story continues below advertisement